परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था, मुंबई

कार्यपत्रक संख्या - 3

कक्षा - नौवीं विषय- हिंदी [द्वितीय भाषा]

कविता का नाम - कबीर की साखियाँ और सबद

प्र. 1 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए [1*5=5]

ऊँचे कुल का जनमिया, जे करनी ऊँच न होइ ।

सुबरन कलश सुरा भरा , साधू निंदा सोइ ||

[1] ऊँचे कहलाने का अधिकार किसको है ?

[क] जो बहुत लंबा हो [ख] जो धनी परिवार में पैदा हो

[ग] महान कार्य करने वालों को [घ] जो जल्दी-जल्दी कार्य करता हो

[2] इस साखी में किस पर बल दिया गया है ?

[क] सुनहरी कलर्स का प्रयोग करे [ख] अच्छे और नेक कार्य करे

[ग] उच्च कुल में जन्म ले [घ महंगी वस्तुओं का प्रयोग करे

[3] साधु किसकी निंदा करते हैं ?

[क] गरीब लोगों की [ख] निम्न कुल में पैदा होने वालों की

[ग] बुरे कर्मों में लिप्त लोगों की [घ] गंदे लोगों की

[4] ऊँचे कुल से क्या अभिप्राय है?

[क] बड़े बड़े घरों में रहने वालों से [ख] ऊँचे स्थानों पर रहने वालों से

[ग] पूजा पाठ करने वालों से [घ] धनी तथा सभ्य परिवार से संबंधित मनुष्यों से

[5]   सोने का कलश कब बुरा माना जाता है?

[क]   जब वह छोटा हो   [ख] जब वह गंदा हो

[ग]   जब उसमें शराब भरी हो   [घ]   जब उसे छुपा कर रखा जाए

प्र. 2 निम्नलिखित पठित साखी पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए -   [1*5=5]

पखापखी के कारनै , सब जग रहा भुलान |

निरपख होइ के हरि भजै, सोई संत सुजान ||

[1]   पखापखी का आशय क्या है?

[क]   इसमें बोलना   [ख] पक्ष विपक्ष   [ग]   निरपेक्ष होना   [घ] विपक्ष में होना

[2]   सारा संसार की किसे भूला हुआ है ?

[क]   पूजा-पाठ को   [ख] इंसान को   [ग] ईश्वर को   [घ] धन को

[3]   सच्चा संत कौन है?

[क]   जो सदा भजन करता हो   [ख]   जो सदा सच बोलता हो

[ग]   जो साधारण जीवन जीता है   [घ] जो विरोधियों से हटकर ईश्वर भजन करता है

[4]   निरपेक्ष होने का कवि का क्या आशय है?

[क] जो पक्ष में हो   [ख] जो वि पक्ष में हो   [ग]   जो किसी भी पक्ष को न माने   [घ]   जो उपेक्षा करे

[5]   सोई संत सुजान में अलंकार है -

[क] उपमा   [ख] अनुप्रास   [ग] रूपक   [घ]   यमक

[3] निम्नलिखितबहुविकल्पीय प्रश्नों केसर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए - [1*10=10]

[1] कबीर जी ने सच्चे प्रेमी की क्या कसौटी बताई है?

[क] वह विश्व को अमृत बना देता है [ख] उसके मिलने से सभी बुराइयाँ दूर हो जाती है

[ग] मन अमृत के समान पवित्र और निर्मल हो जाता है [घ] उपयुक्त सभी

[2] इस संसार में सच्चा संत कौन कहलाता है?

[क] जो सदा पूजा पाठ करें [ख] जो पक्ष या विपक्ष में हो

[ग] जो निष्पक्ष होकर ईश्वर से प्रेम करें [घ] जो अपने स्वार्थ हित भक्ति करें

[3] कबीर के अनुसार जीवित कौन है ?

[क] जिसमें प्राणों का संचार हो [ख] जो चल फिर रहा हो

[ग] जो कर्म नष्ट हो [घ] जो सांप्रदायिकता और कट्टरता से दूर हो

[4] काबा और काशी में क्या समानता है?

[क] दोनों स्थानों पर एक जैसा खानपान है

[ख] दोनों एक ही परमात्मा के पूज्य स्थल हैं

[ग] दोनों स्थानों पर रहने वाले एक जैसे हैं

[घ] दोनों ही पर्यटन स्थल है

[5] प्रेमी को प्रेमी मिले तो क्या होता है ?

[क] विपरीत परिस्थितियाँ अनुकूल हो जाती है

[ख] मन पवित्र हो जाता है

[ग] ज्ञान प्राप्त होने पर मन की बुराइयां दूर हो जाती है

[घ] उपर्युक्त सभी

[6] मुक्ता फल चुगने का आशय क्या है?

[क] मुक्ति का सुख प्राप्त करना

[ख] मोती खाना

[ग] भक्ति का आनंद प्राप्त करना

[घ] क और ग दोनों सही है

[7] हंस किसी अन्य स्थान पर क्यों नहीं जाना चाहते ?

[क] हंसों को उड़ना नहीं आता

[ख] उन्हें भक्ति में सच्चा सुख मिल गया है

[ग] सरोवर में पानी अधिक है

[घ] हंसों को मानसरोवर से प्रेम हो गया है

[8] दो प्रेमियों के मिलन पर कैसी अनुभूति होती है ?

[क] सब पाप समाप्त हो जाते हैं

[ख] पुण्य का उदय होता है

[ग] मन में सद्भावना है जागृत होती है

[घ] उपर्युक्त सभी

[9] कबीर जी किस ज्ञान को मानते हैं?

[क] पुस्तके ज्ञान को

[क] स्वयं अनुभव किए हुए ज्ञान को

[ग] धार्मिक ग्रंथों से प्राप्त ज्ञान को

[घ] बड़ों से प्राप्त ज्ञान को

[10]   कबीर दास जी संतोष से किस आंधी की बात कर रहे हैं ?

[क] प्रेम की   [ख] ज्ञान की   [ग] धर्म की   [घ] अज्ञान की

[4]   निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए   [2∗10=20]

[1] जीव जीवन भर भटकता रहता है उसे कहाँ   जाकर शांति मिलती है?

[2] जीव सांसारिक मोह माया से कब मुक्त हो पाता है?

[3] कवि प्रेमी की तलाश क्यों करता फिरता है?

[4] प्रेमी को प्रेमी मिले तो क्या होता है?

[5] ‘सब विष अमृत होए ‘काव्य पंक्ति का क्या आशय है?

[6] कवि ने इस संसार की स्वयं से तुलना क्यों की है?

[7] ज्ञान की प्राप्ति जीवन को कैसा बना देती है?

[8] किस व्यक्ति को ज्ञानी कहा जा सकता है ?

[9] संसार में आज कौन अच्छा जीवन जी रहा है?

[10] लोग प्रायः ईश्वर को कहाँ – कहाँ ढूँढ़ते हैं?

[5]   निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-   [3∗5=15]

[1] ईश्वर भक्ति के बारे में कवि ने किन-किन धारणाओं का खंडन किया है ?

[2] कवि ने ईश्वर भक्ति के विषय में किन धारणाओं का खंडन की किया तथा किस बात पर बल दिया?

[3] सच्चे प्रेमी की कौन-कौन -सी विशेषतायें बताई हैं ?

[4] ‘मोटा चुन मैदा भया’ का आशय स्पष्ट कीजिए।

[5]   गुरु कृपा से मानव जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है?

[6] निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -   [5*5=25]

[1] किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कुल से होती है या उसके कर्मों से तर्क सहित उत्तर दीजिए।

[2]   कबीर ने ईश्वर प्राप्ति के लिए किन प्रचलित विश्वासों का खंडन किया है?

[3] कबीर ने संसार को स्वान रूप क्यों कहा है?

[4]   मोटा चून और मैदा का प्रतिकार्थ क्या है   ? मोटा चुन कब मैदा बन जाता है?

[5] कबीर की साखियों   के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि कबीर सच्चे समाज सुधारक थे?

****